“पुलिस स्मृति दिवस”

(दिनाँक 21 अक्टूबर, 2020)

दिनांक 21 अक्टूबर 2020 को आंतरिक सुरक्षा अकादमी, केरिपुबल, माउंट आबू में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। श्री के. थोमस जोब, पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रशा./प्रशि.), आंसुअ, आबू पर्वत ने इस अवसर पर शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद सैनिकों को सरेमोनियल गार्ड द्वारा सलामी दी गई और आंतरिक सुरक्षा अकादमी के कर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर 1959 को केरिपुबल के 10 बहादुर सैनिकों ने लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के खिलाफ बहादुरी से लड़ते हुए शहीद हो गए। उनकी शहादत की याद में 21 अक्टूबर को देश के सभी पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक महोदय द्वारा उन सभी पुलिस और केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों के सभी शहीदों के नाम सुनाए जिन्होंने पिछले वर्ष के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया। इस अवसर पर श्री के.के. पांडेय, कमांडेंट (प्रशा./प्रशि.), आंसुअ और सभी राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवानों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए।

श्री के. थोमस जोब, पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रशा./प्रशि.), आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत, पुलिस स्मृति दिवस पर संबोधित करते हुए।

श्री के. थोमस जोब, पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रशा./प्रशि.), द्वारा शहीद स्मारक पर माल्यार्पण करते हुए।